बेहद हॉट हैं टीवी की नई प्रेरणा एरिका फर्नांडिस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इंडियन टेलिविजन की सबसे फेवरिट स्टार्स में खूबसूरत ऐक्ट्रेस एरिका फर्नांडिस को भी गिना जाता है। मॉडलिंग से शुरुआत करने वाली एरिका ने साउथ की कन्नड़, तमिल और तेलुगू भाषाओं की फिल्मों में भी काम किया है। आजकल एरिका फर्नांडिस एकता कपूर के आने वाले सीरियल कसौटी जिंदगी के 2 में प्रेरणा के किरदार को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरियल के पहले पार्ट में यह किरदार श्वेता तिवारी ने निभाया था।

बेहद स्टाइलिश हैं एरिका

एरिका फर्नांडिस का जन्म 7 मई 1993 को मुंबई में हुआ था। फेमिना मिस इंडिया 2012 की टॉप 10 फाइनलिस्ट रहीं एरिका को उनके स्टाइल और फैशन सेंस के लिए भी जाना जाता है। उनका खुद का एक यू-ट्यूब चैनल है जिस पर वह लोगों को विडियोज के जरिए बताती हैं कि कैसे अलग-अलग मौकों पर स्टाइलिश दिखें। साथ ही, वह इन विडियोज में मेकअप और स्किन केयर के टिप्स भी देती हैं। इसके अलावा एरिका जूलरी डिजाइनिंग में भी रुचि रखती हैं।

टीवी से हुईं घर-घर में फेमस

एरिका ने टीवी सीरियल कुछ रंग प्यार के ऐसे भी में लीड रोल किया था। सीरियलम में उनके ऑपोजिट लीड रोल में शाहीर शेख लीड रोल में थे। सीरियल में उनका डॉक्टर सोनाक्षी बोस का किरदार काफी पसंद किया गया था।

साउथ में हैं काफी चर्चित चेहरा

एरिका फर्नांडिस ने साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। उन्होंने तमिल फिल्म ऐंथु ऐंथु ऐंथु से फिल्मों डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है।

हिंदी फिल्मों में भी किया डेब्यू

एरिका ने हिंदी फिल्मों में भी डेब्यू कर लिया है। उनकी अभी तक केवल एक फिल्म ही रिलीज हुई है। एरिका की पहली फिल्म बबलू हैपी है साल 2014 में रिलीज हुई थी।

सुष्मिता सेन ने बताया, उन्हें कैसा लगा नोरा फतेही का दिलबर

फिल्म सत्यमेव जयते का गाना अब तक लाखों बार देखा जा चुका है और यह 2018 का मोस्ट वॉच्ड सॉन्ग बन

चुका है। इस गाने में नोरा फतेही का जबरदस्त बेली डांस है। हालांकि फिल्म भले ही ज्यादा कमाई न कर पाई हो लेकिन गाना जबरदस्त हिट हो गया। लेकिन क्या आपको पता है कि ओरिजनल दिलबर गर्ल सुष्मिता सेन इस नए वर्जन के बारे में क्या सोचती हैं?

बता दें के ओरिजनल गाना फिल्म सिर्फ तुम में था जिसमें संजय कपूर, प्रिया गिल और सुष्मिता सेन थे। यह फिल्म 1999 में रिलीज हुई थी और यह गाना तब भी जबरदस्त हिट था।

हाल ही में एक पब्लिक इवेंट में जब सुष्मिता से इस गाने के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि नोरा इस गाने में जबरदस्त

लगी हैं। उन्हें लगता है कि नोरा ने काफी अच्छा किया है। उनको नया वर्जन सुनकर मजा आया लेकिन उन्हें इसका ओरिजनल वर्जन ज्यादा पसंद है। अगर करियर फ्रंट पर बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक सुष्मिता की दो प्रॉजेक्ट्स पर बात चल रही है, जिनकी घोषणा जल्द ही होगी।

डेजी शाह ने जन्मदिन से पहले मनाया जश्न

अभिनेत्री डेजी शाह ने अपनी मां के साथ एनजीओ स्माइल फाउंडेशन पहुंचकर अपने जन्मदिन से एक दिन पहले यहां के बच्चों के साथ अपना जन्मदिम्न मनाया। उनका 34वां जन्मदिन शनिवार को था। जय हो अभिनेत्री ने शनिवार को अपनी तस्वीरें साझा की, जिसमें वह बच्चों के साथ डांस करती और केक काटती नजर आ रही हैं।

डेजी ने कहा, स्माइल फाउंडेशन के बच्चों के साथ शानदार समय बिताया। वे बहुत-ही प्यारे हैं। यह पहली बार है जब मैंने इन प्यारे बच्चों के साथ अपने जन्मदिन से एक दिन पहले जश्न मनाया। उन्होंने कहा, मैंने उनके साथ बहुत मजे किए। उन्होंने गाया, डांस किया और मुझसे बचपन की यादों के बारे में पूछा। इस तरह के क्षण जीवन को शानदार बनाते हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर भी अपनी, मां और बच्चों के साथ तस्वीरें और वीडियों पोस्ट की।